

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

प्रियंका ने पूरी की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 132 ■ बुधवार, 7 अगस्त 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# ठाणे जिले में डेंगू ने पसारे पैर

- डेंगू के मरीजों में दिन-ब-दिन हो रही बढ़ोतरी
- आपातकालीन टीम तैयार



**ठाणे.** ठाणे जिला जहां एक तरफ बारिश से बेहाल है, वहीं दूसरी तरफ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. पिछले तीन सप्ताह में जिले में 177 डेंगू मरीज पाए गए हैं. पिछले सप्ताह 14 से 21 जुलाई के बीच जिले में डेंगू के 254 संदिग्ध केस मिले थे. इनमें से 75 मरीज डेंगू से संक्रमित बताए जा रहे हैं।

ठाणे जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. जिले में 20 जून से 7 जुलाई तक डेंगू के 43 मामले और 8 जुलाई से 14 जुलाई तक डेंगू के 59 मामले सामने आये हैं. 14 जुलाई से 21 जुलाई तक 75 डेंगू मरीज पाए गए हैं।

ऐसे में पिछले एक माह में डेंगू के 177 मरीज मिल चुके हैं। इनमें कल्याण शहर में सबसे ज्यादा डेंगू के मामले पाए गए हैं. पिछले सप्ताह भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में डेंगू का एक भी संदिग्ध या संक्रमित मरीज नहीं मिला. ठाणे मनपा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में स्वाइन फ्लू के मरीजों के इलाज के लिए एक विशेष वार्ड तैयार किया गया है. अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यहां कुल 19 बेड तैयार हैं और 4 बेड गहन चिकित्सा इकाई में हैं. इस बीच, डेंगू के मरीजों में दिन-ब-दिन बढ़ोतरी को देखते हुए इस अस्पताल में स्वाइप जांच की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है.

### जिले में डेंगू के मरीज

| क्षेत्र | संदिग्ध मरीज़ | बाधित मरीज़ |
|---|---|---|
| ठाणे ग्रामीण | 63 | 14 |
| ठामनपा | 4 | 4 |
| कडोंमनपा | 141 | 41 |
| उल्हासनगर | 25 | 5 |
| नवी मुंबई | 18 | 8 |
| मीरा-भाईंदर | 3 | 3 |
| भिवंडी | 0 | 0 |
| कुल | 254 | 75 |

### जिला सामान्य अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए वार्ड

फिलहाल डेंगू के मरीजों की संख्या को देखते हुए मरीजों को बेहतर इलाज मिले इसके लिए ठाणे जिला सामान्य अस्पताल में विशेष सावधानी बरती गई है. संक्रामक रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष अपडेट वार्ड बनाया गया है. दवा भंडार, आपातकालीन पैरा मेडिकल टीमों को तैयार रखा गया है।

### डेंगू से बचाव के लिए क्या करें?



- डेंगू के मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपते हैं। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि दिन में एसी, फ्रिज के नीचे, फूलदान, कूलर, गमले, बाल्टी, पुराने टायरों में पानी जमा न हो।
- घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।
- डेंगू के मच्छर आमतौर पर दिन के समय काटते हैं, इसलिए खड़े पानी के पास जाने से बचें।
- घरों की खिड़कियों पर पर्दा डालने के उपाय करें, यदि संभव हो तो दरवाजे और खिड़कियाँ बंद रखें और यदि मच्छर बहुत हैं तो उन्हें नष्ट कर दें।

# उल्हासनगर में मनेगा इको फ्रेंडली गणेशोत्सव





- प्रशासन ने मानी मूर्तिकारों की मांग
- मनपा ने 150 बोरी मिट्टी वितरित की
- मिट्टी से बनेगी गणेश प्रतिमा
- पीओपी पर प्रतिबंध के बाद निर्णय

**उल्हासनगर.** इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिए गए कि महानगरपालिका क्षेत्र में गणेशोत्सव इको-फ्रेंडली होना चाहिए. तदनुसार, उल्हासनगर महानगरपालिका के आयुक्त अजीज शेख के मार्गदर्शन में उल्हासनगर नगर निगम के पर्यावरण विभाग के माध्यम से गणेश उत्सव को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने की पहल की है. उल्हासनगर शहर में गणेश मूर्ति विक्रेताओं की एक बैठक 8 जुलाई 2024 को आयोजित की गई थी इस बैठक में मूर्तिकारों ने मिट्टी उपलब्ध कराने की मांग की.

इसी के तहत 24 जुलाई को छह मूर्तिकारों ने लिखित मांग की. आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त पर्यावरण सुभाष जाधव और पर्यावरण प्रमुख विशाखा सावंत के मार्गदर्शन में, 5 अगस्त 2024 को छह मूर्तिकारों को 1 रुपये प्रति बोरी की मामूली दर पर 25 बोरी मिट्टी वितरित की गई। पेण से मिट्टी मंगवायी गयी थी और महानगरपालिका प्रशासन ने बताया कि एक बोरी में 40 किलो मिट्टी थी. इस पहल के माध्यम से, उल्हासनगर महानगरपालिका ने 150 बोरी मिट्टी वितरित की है, मूर्तिकारों को अधिक से अधिक मिट्टी की मूर्तियां बनानी चाहिए और उन्हें नागरिकों को उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि शहर के नागरिक पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मना सकें। साथ ही अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने अपील की है कि मिट्टी की मांग होने पर अन्य मूर्तिकारों को भी मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी. महानगरपालिका की इस पहल से उम्मीद है कि उल्हासनगर शहर में गणेशोत्सव अधिक पर्यावरण अनुकूल होगा.

# वर्षा डांस बार पर फिर कार्रवाई




- बार के अंदर हथौड़े बरसाए
- उल्हासनगर महानगरपालिका ने कार्रवाई की

**उल्हासनगर.** पुणे के बाद अब उल्हासनगर का छमछम ऑर्केस्ट्रा डांस बार उल्हासनगर महानगरपालिका के रडार पर आ गया है। कुछ दिन पहले महानगरपालिका ने श्रीराम चौक में एंजल, एप्पल और राखी और कैंप नंबर 3 में वर्षा डांस बार पर कार्रवाई की थी। लेकिन कार्रवाई के बाद भी वर्षा डांस बार के मालिक ने नगर निगम द्वारा तोड़े गए हिस्से को गुपचुप तरीके से दोबारा बनवा लिया था. जैसे ही नगर निगम को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने दोबारा इस डांस बार पर धावा बोला और कार्रवाई की. महानगरपालिका की इस सख्त कार्रवाई से उल्हासनगर के अन्य डांस बार मालिकों में डर का माहौल पैदा हो गया है. इस कार्रवाई के बाद उल्हासनगर नगर निगम ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि कोई भी अनधिकृत निर्माण या अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उल्हासनगर नगर निगम ने नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए ऐसी गतिविधियों को नियमित रूप से जारी रखने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। उल्हासनगर के नागरिकों ने नगर निगम की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई का स्वागत किया है. इससे शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। उम्मीद है कि महानगरपालिका की इस कठोर कार्रवाई से उल्हासनगर में अनाधिकृत कारोबार पर लगाम लगेगी.

# 8 अगस्त को शहर का 75वां स्थापना दिवस 'जुआ मुक्त उल्हासनगर' के नारे के साथ मनाया जाएगा- सुखरामानी








**उल्हासनगर।** पिछले 20 सालों से लगातार उल्हासनगर महानगरपालिका, रोटरी क्लब ऑफ सपना गार्डन, एसएसटी कॉलेज व एसएचएम कॉलेज के छात्र, सुखरामाणी फाउंडेशन व शहर की तमाम सामाजिक, शैक्षणिक व व्यापारी संघटनों, राजनीतिक दलों, एनजीओ और पत्रकारों द्वारा उल्हासनगर शहर का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इसे मनाया जाएगा। इस बार ₹ जुआ मुक्त, नशामुक्त, भयमुक्त उल्हासनगर, सुरक्षित उल्हासनगर ₹ के नारे के साथ उल्हासनगर मनपा, स्कूल कॉलेज के छात्र रैली निकालकर उल्हासनगर मनपा मुख्यालय के पीछे विराट अंबे स्पोर्ट्स क्लब स्विमिंग पुल जहां उल्हासनगर स्थापना शिलालेख रखा है, वहां 8 अगस्त की सुबह 11 बजे मनाया जाएगा। ऐसी जानकारी हमें सिंधी साहित्या अकादेमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने दी है।

पिछले साल 8 अगस्त को उल्हासनगर मनपा मुख्यालय से गोल मैदान तक और 15 अगस्त की सुबह रिजेंसी एंटीलिया में 2 किलोमीटर लंबा तिरंगा लहराया गया था, इसकी दख़ल लेते हुये वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रेकॉर्ड, प्राईम वर्ल्ड रेकॉर्ड और आईडियल इंडियन बुक ऑफ रेकॉर्ड द्वारा प्रेषित प्रमाणपत्र व ट्रॉफी से उल्हासनगर महानगर पालिका, रिजेंसी एंटीलिया ग्रुप, सुखरामाणी फाउंडेशन और पिछले 7 सालों से 2 किलोमीटर तिरंगा ध्वज का संवर्धन करने वाले आशीष यादव को प्रदान किया जायेगा।

# बिजली की आंखमिचौली से फैक्ट्री मालिक परेशान

- संयुक्त रूप से बिजली काटने का निर्णय




**उल्हासनगर.** औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती के विरोध में उद्योगपतियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सामूहिक रूप से बिजली काटने का निर्णय लिया है. उल्हासनगर ओटी सेक्शन के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कटौती के कारण फैक्ट्रियों को नुकसान हो रहा है। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष राजवानी के नेतृत्व में कारखाने के कर्मचारियों ने महावितरण को एक निवेदन दिया है.

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शटडाउन जारी रहा तो 1000 से अधिक छोटे-बड़े उद्योगपति सामूहिक रूप से बिजली आपूर्ति बंद कर देंगे.

कार्यकारी अभियंता सतीश कुलकर्णी ने बताया कि बारिश के कारण बिजली की समस्या है. साथ ही बिजली की समस्या को लेकर फैक्ट्री मालिकों का पत्र भी मिला है. महावितरण के कर्मचारी बिजली आपूर्ति को व्यवस्थित करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। ओटी सेक्शन के आसपास औद्योगिक क्षेत्र में बारिश के कारण बिजली की समस्या उत्पन्न हो गयी. हालाँकि, कर्मचारी इसे हल करने के लिए काम कर रहे हैं। कुलकर्णी ने विश्वास जताया कि अगले कुछ दिनों में बिजली आपूर्ति पहले की तरह शुरू हो जायेगी.

# पालतू कुत्ते के काटने पर मालिक पर अपराध दर्ज



**अंबरनाथ.** शिवाजी नगर पुलिस में एक व्यक्ति ने एक पालतू कुत्ते के मालिक व अन्य एक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पालतू कुत्ते ने उनको काटा है. पुलिस ने मोरीवली के ब्रॉडसबेरी इमारत के निवासी मनोज फलके और वैभव नागनाथ लोकरे (25) के खिलाफ 2023 के न्याय संहिता कलम 125 ए 291 के अनुसार अपराध दर्ज किया है.

इसी बिल्डिंग के निवासी चेतन मोतीसिंह पाटिल (24) ने पुलिस को बताया है कि वह तीसरे फ्लोर पर रहते हैं. इमारत के नीचे ग्राउंड फ्लोर से लिफ्ट में तीसरे फ्लोर पर जाने के लिए खड़े थे. उस समय ग्राउंड फ्लोर के निवासी मनोज फलके के फ्लैट के सामने बैठे पालतू कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया. इस कुत्ते की देखभाल, खाना-पीना और उसको संभालने का काम फलके करते हैं. कुत्ते के काटने के कारण उनकी जान खतरे में आ गई है. कुत्ते के काटने से वह घायल हो गए हैं. पुलिस अपराध दाखिल करके मामले की जांच कर रही है. गत कई दिनों से सोशल मीडिया पर ये खबर गश्त कर रही थी कि किसी भी कुत्ते को खाने-पीने का सामान ना दें. ये एक प्रकार का अपराध है. अब पुलिस में अपराध दर्ज होने के बाद ये बात सामने आई गई है कि उस पालतू कुत्ते ने किसी को काट लिया तो अपराध दाखिल होगा.

# अंबरनाथ शिवमंदिर जाने वाले भक्तों को मुफ्त रिक्शा सुविधा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के प्राचीन शिवमंदिर में श्रावण मास के सोमवार को स्टेशन शहर पूर्व से जाने और आने के लिए शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर की ओर से निःशुल्क रिक्शा सुविधा का आरंभ किया गया.

विदित हो कि श्रावण समोवार को अन्य शहरों एवं शहर पश्चिम से सैकड़ों भक्त शिवमंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं. कुछ गरीब भक्त तो स्टेशन से 40 मिनट पैदल चलकर शिवमंदिर पहुंचते हैं. भक्तों की सहूलियत के लिए शिवसेना की ओर से ये प्रबंध किया गया है. सोमवार को 350 भक्तों ने इसका लाभ उठाया है. श्रावण के आगामी 4 सोमवार को भी ये सेवा भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी. ऐसा अरविंद वालेकर ने कहा है. सोमवार को जिन भक्तों ने निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया, उन्होंने शिवसेना एवं अरविंद वालेकर का आभार व्यक्त किया है. छत्रपति शिवाजी महाराज चौक शहर पूर्व से शिवमंदिर तक ये सेवा सुबह से शाम तक हर श्रावण सोमवार को शुरू रहेगी. निःशुल्क रिक्शा सेवा के कारण अब और भक्तों की भीड़ बढ़ेगी. विदित हो कि इस सोमवार को यहां पर हजारों भक्तों की भीड़ हो गई थी. पहले सोमवार के बाद अब हर सोमवार के ये भीड़ बढ़ती जाएगी.

### शिवसेना शहर प्रमुख वालेकर का उपक्रम

# कर्जत में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़

**कल्याण.** श्रावण का महीना शुरू होने से पहले वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक मानसून पर्यटन के लिए झरनों, पहाड़ों की ओर घूमने के लिए निकले. कर्जत में इस वर्ष प्रशासन द्वारा कोई प्रतिबंध आदेश लागू नहीं किया गया है। इसलिए, कर्जत तालुका में झरनों पर बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़ पड़े थे।

गौरतलब है कि कर्जत तालुका प्राकृतिक सुंदरता से घिरा हुआ है। तालुका में प्रचुर प्राकृतिक संपदा है और हरियाली से ढके पहाड़, मानसून के दौरान कल-कल करते झरने पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। लेकिन कुछ साल पहले अतिउत्साही पर्यटकों के कारण दुर्घटनाएं भी हुईं। इसलिए, पिछले 7 वर्षों से बरसात के मौसम में, तालुका में झरनों, बांधों और जल निकायों पर 144 के तहत इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लागू किया गया था। इसलिए पर्यटकों की संख्या कम हो गई. चूंकि प्रशासन ने इस वर्ष किसी प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है, इसलिए तालुका में वर्षा पर्यटन फल-फूल रहा है।

सप्ताहांत पर कर्जत तालुका के आशाने झरने, टपलवाड़ी झरने पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। इस बार परिवार के साथ प्रवेश करने वाले पर्यटकों की संख्या अधिक रही।

# तेजस्वी नेता जगदीश तेजवानी सच्चे समाजसेवी का दायित्व निभाते हैं

## तेजवानी की सिंधी भाषा के साथ विस्तार के साथ शहर हित के मुद्दे पर अहम भूमिका

जन्मदिन पर विशेष



**उल्हासनगर:** उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन (यूवीए) के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी व्यापारियों के बीच लोकप्रिय व मजबूत अध्यक्ष के रूप में काफी तेजी से उभरे हैं. साथ ही वे अपने सामाजिक कार्यों की बदौलत शहर में एक विशेष स्थान हासिल कर चुके हैं और निष्ठावान समाजसेवियों की सूची में उनका नाम अग्रणी पायदान पर है।

गौरतलब है कि पिछले लगभग 3 दशकों से जगदीश तेजवानी सामाजिक कार्यों में जुटे हुए हैं और मानव सेवा को माधव सेवा समझकर हमेशा गरीबों व जरूरतमंदों की सेवाओं में जुटे रहते हैं। जिसके तहत थैलेसीमिया मरीजों की डॉयलासिस व ब्लड उपलब्ध करवाने के साथ-साथ मरीजों को हॉस्पिटलों के बिलों में रियायत दिलवाने के लिये भी जगदीश तेजवानी हमेशा तत्पर रहते हैं. कोरोना काल के दौरान गरीबों को राशन, दवाईयाँ व अन्य जीवनावश्यक वस्तुएं मुहैया करवाने वाले जगदीश तेजवानी की भूमिका शहर में काफी लोगों के लिये मिसाल बनी थी।

इतना ही नहीं अपनी सिन्धी मातृभाषा, संस्कृति व सभ्यता के लिये भी जगदीश तेजवानी में काफी जज्बा भरा हुआ है और सिन्धी संतों-महापुरूषों के जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर जगदीश तेजवानी द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. साथ ही सिन्धी कलाकारों व फिल्मों के निर्देशकों की हौसलाफजाई हेतु भी सिन्धी फिल्मों के प्रीमियर शो का आयोजन किया जाता है। जिससे युवा पीढ़ी भी अपनी सिन्धी मातृभाषा की तरफ प्रेरित होती है।

गौरतलब है कि जगदीश तेजवानी द्वारा शहर हित के मुद्दों पर भी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हमेशा अहम भूमिका निभाई गई है और धोखादायक इमारतों हेतु रिडेवलपमेंट या पुर्नवास मुद्दा, हाऊस टैक्स के डबल विल, स्वच्छता टैक्स का विरोध, ट्रैफिक समस्या, सड़कों के गड्ढे, मुख्य सड़कों पर हाथगाड़ियों का अवैध कब्ज, बिजली व पानी की अपूर्ति, डेवलपमेंट प्लान, फुटपाथ, बाजार, जन जागरूकता, जीएसआय मैपिंग, रास्ते पर पे ऑण्ड पार्क और अन्य कई सामाजिक मुद्दों पर लड़ाई जगदीश तेजवानी के यादगार संघर्ष हैं। जिसकी वजह से शहर में हो रहे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक ब्रेक लगने में कामयाबी मिली है। जिससे भ्रष्टाचार करने वालों की नींद हराम हुई है और उन्होंने कई बार अड़चनें भी डाली है लेकिन बावजूद इसके जगदीश तेजवानी ने हमेशा अपना संघर्ष शुरू रखा है।

बता दें कि अपनी साफ व ईमानदार छवि के कारण जगदीश तेजवानी के समर्थकों द्वारा उन पर आगामी उमनपा चुनाव लड़ने के लिये दबाव बनाया जा रहा है और जगदीश तेजवानी संभवतः ओल्ड पैनल-15 व 16 से अपनी किस्मत आजमा भी सकते हैं क्योंकि दोनों पैनलों के अंतर्गत उनका घर व कार्यक्षेत्र पड़ता है. वहाँ के रहिवासी व व्यापारी जगदीश तेजवानी की कार्यशैली से काफी प्रभावित हैं। वहीं शहर के लगभग सभी राजनीतिक पक्ष व उनके नेता भी जगदीश तेजवानी की ईमानदारी वाली सोच के हमेशा कायल रहते हैं और जगदीश तेजवानी से हमेशा संपर्क में रहना पसंद भी करते हैं। बहरहाल आज बुधवार 7 आगस्ट को जगदीश तेजवानी का जन्मदिवस है। इस अवसर पर उन्हें 'उल्हास विकास' परिवार सहित सभी मित्रों व शुभचिंतकों की ओर से समाजसेवा में हमेशा समर्पित रहने के साथ-साथ उज्वल राजनीतिक भविष्य की दोहरी हार्दिक शुभकामनाएं दी जाती हैं.

# राशन दुकानदार पर अपराध दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के एक राशन दुकानदार ने राशन कार्ड धारक को 40 किलो के बजाय केवल 8 किलो अनाज देने पर अंबरनाथ पुलिस ने उस दुकानदार पर अपराध दर्ज किया है. शहर में राशन के अनेक दुकानदार लोगों को अनाज देने में भ्रष्टाचार कर रहे हैं और ऐसे दुकानदारों पर राशनिंग अधिकारियों का कोई अंकुश नहीं रह गया है. जिसके कारण राशन दुकानदार गरीबों के साथ ऐसा धोखा कर रहे हैं.

शहर पश्चिम के बेथेल चर्च के पास 46-18-एफ इस क्रमांक के दुकानदार सचिन जाधव हैं. इस दुकान पर दिलीप गायकवाड़ राशन लेने गए तो उन्हें 40 किलो अनाज देने के बादल केवल 8 किलो अनाज दिया गया. उन्हें बताया गया कि गत महिने बायोमेट्रिक मशीन बंद थी. इसके लिए उन्हें पिछले महिने का अनाज नहीं दिया गया था. दुकानदार ने कहा कि तुम्हें इतना ही राशन मिलेगा, तुमको किधर भी जाना है जाओ... ऐसी धमकी उन्होंने दी.

दिलीप गायकवाड़ की बहू सृष्टि गायकवाड़ ने लोकाधिकार सामाजिक संस्था के राज्य उपाध्यक्ष अशोक शाह को हकीकत बताई. उनको भी दुकानदार ने धमकी दी कि तुमको कहीं भी जाना है जाओ... 8 किलो के ऊपर राशन नहीं दूंगा. अशोक शाह के कहने पर सृष्टि ने सचिन जाधव के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है कि अनाज वितरण में भ्रष्टाचार किया है. पुलिस ने दुकानदार के विरुद्ध अपराध दाखिल किया है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — संपादकीय

## जनता के गुस्से की सीमा

बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से छात्र आंदोलन के दौरान सरकार के रुख और सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कई सौ लोग मारे गए। इसके खिलाफ उभरे जन आक्रोश को देखते हुए इसकी आशंका पहले से बन रही थी कि वहां अब कुछ भी हो सकता है। सच यह है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाइयों की वजह से ही प्रदर्शनकारियों के भीतर गुस्सा इस हद तक भड़क गया था कि भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास तक पर कब्जा कर लिया और सेना को हालात संभालने का आश्वासन देना पड़ा। लगातार बिगड़ते हालात के बीच मजबूरन शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। निश्चित रूप से हिंसा और अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, मगर शेख हसीना सरकार के रवैये से साफ था कि जनता के बीच बढ़ते असंतोष से निपटने को लेकर उसमें दूरदर्शिता नहीं थी और लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे थे, जो सरकारी तानाशाही के सूचक थे। ऐसे में जन आक्रोश के कारण समझे जा सकते हैं।

आरक्षण के मसले पर उभरे छात्र आंदोलन को बांग्लादेश के मौजूदा हालात का एक तात्कालिक कारण जरूर माना जा सकता है, मगर इसकी पृष्ठभूमि लंबे समय से बन रही थी। शेख हसीना 2009 से लगातार सत्ता में कायम हैं और पिछला चुनाव उन्होंने विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच जीता। इसके अलावा, उन पर सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग और सत्ता की ताकत से विरोध का दमन करने और विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्या कराने तक के आरोप लगते रहे हैं।

जाहिर है, लोकतंत्र के खिलाफ उनकी सरकार के रुख पर आम जनता के बीच फैले आक्रोश की ठोस वजहें रहीं। मगर प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने और प्रधानमंत्री आवास तक पर धावा बोलने की घटना दक्षिण एशिया में सत्ता के खिलाफ आम लोगों के अराजक हो जाने की बढ़ती प्रवृत्ति को ही दर्शाता है। इससे पहले श्रीलंका में सरकार की मनमानी और दमन के विरुद्ध लोगों ने राष्ट्रपति भवन पर भी हमला कर दिया था। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, लेकिन सवाल है कि जनहित के सवालों की अनदेखी की सीमा क्या हो, जहां आम लोगों का सब्र न टूटे! लोकतंत्र का विकल्प सैन्य शासन कभी नहीं हो सकता।

# भारत को धार्मिक स्वतंत्रता का उपदेश न दे अमेरिका

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने 2023 की अपनी रिपोर्ट में धार्मिक आजादी में गिरावट के लिए एक बार फिर भारत की आलोचना की है। इस रिपोर्ट को जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा, भारत में हम धर्मांतरण-विरोधी कानूनों, नफरती तकरीरों और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों व ईबादतगाहों को तोड़ने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं। इसे भारत सरकार ने पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर किस नैतिक अधिकार से अमेरिका हमें धार्मिक स्वतंत्रता पर उपदेश देता है? क्या 'धर्मनिरपेक्ष' अमेरिका की हाल-फिलहाल की घटनाएं इसकी तस्दीक नहीं करतीं कि इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है?

जून की 28 तारीख को ओक्लाहोमा राज्य के सुपरिटेंडेंट रयान वाल्टर्स ने बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाइबिल एक अपरिहार्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पैमाना है। उनके मुताबिक, बाइबिल की बुनियादी जानकारी के बिना ओक्लाहोमा के छात्र अपने राष्ट्र की बुनियाद को ठीक से नहीं समझ सकते। इसी कारण, पांचवीं से लेकर बारहवीं कक्षाओं तक में अनिवार्य रूप से बाइबिल की एक प्रति होनी चाहिए, जिसके आधार पर शिक्षकों को अब पढ़ाना होगा। 19 जून को लुइसियाना ने भी इसी तरह का एक कानून बनाया, जिसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बाइबिल की दस आज्ञाएं प्रदर्शित करने की अनिवार्यता की गई है।



साल 1791 में हुए पहले संशोधन का एक प्रावधान कहता है कि अमेरिकी कांग्रेस किसी धर्म की स्थापना का सम्मान करने या उसके सार्वजनिक अभ्यास को प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाएगी। यह प्रावधान मूल रूप से संघीय सरकार पर ही लागू था, लेकिन 14वें संशोधन (1868) में इसे सभी राज्यों पर आयद कर दिया गया। मगर साल 1949 तक अमेरिका के 37 राज्यों में सरकारी स्कूलों में किसी न किसी तरह से बाइबिल पढ़ाई जाती थी, जबकि 12 राज्यों ने कानूनी प्रावधानों के माध्यम से इसे अनिवार्य बना रखा था। 1955 में न्यूयॉर्क ने एक प्रार्थना की सिफारिश (स्वैच्छिक) की, हे सर्वशक्तिमान ईश्वर, हम आप पर अपनी निर्भरता को स्वीकार करते हैं और हम आपसे खुद पर, अपने माता-पिता पर, शिक्षकों पर और देश पर आशीर्वाद बरसाने की याचना करते हैं। इसके उलट, साल 2015 में भारत के केंद्रीय विद्यालयों में समान प्रार्थना वाली व्यवस्था अनिवार्य की गई थी, जिसे चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के लिए स्वतंत्रता और धर्म से भी आजादी की वकालत करती है। माना जाता है कि अमेरिका एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हमसे काफी आगे है, पर उसकी न्यायपालिका से परेशान करने वाली टिप्पणियां आती रही हैं। अमेरिकी संविधान में भले चर्च और राज्य को अलग-अलग रखा गया है, पर जोराच बनाम क्लॉसन मामले (1952) में न्यायमूर्ति विलियम ओ डगलस ने कहा, हम धार्मिक लोग हैं, जिनकी संस्थाएं सर्वोच्च सत्ता को मानती हैं। इतना ही नहीं, अमेरिकी सीनेट में एक पादरी है, और वहां की सशस्त्र सेनाओं में नाश्ते से पहले प्रार्थना अनिवार्य है। सबसे दिलचस्प तो यह है कि इस 'धर्मनिरपेक्ष' देश की शीर्ष अदालत में, पब्लिक सेशन की शुरुआत इस पंक्ति के साथ होती है कि ईश्वर इस माननीय न्यायालय की रक्षा करे। साल 1864 में इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का एक संशोधन प्रस्ताव भी पेश किया गया था, जिसे एक दशक बाद हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी ने खारिज कर दिया। मगर आज भी चर्चों को संपत्तियों के लिए करों में छूट दी जाती है, धार्मिक स्कूलों की किताबों में भी सब्सिडी दी जाती है, पर भारत में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है और प्रस्तावना में ईश्वर का आह्वान करने का प्रस्ताव संविधान सभा ही खारिज कर चुकी है। अमेरिका में जहां विभिन्न मौकों पर शीर्ष अदालत ही नहीं, शीर्ष नेताओं ने भी अमेरिका के ईसाई चरित्र को स्वीकार किया है, वहीं भारत में किसी भी अदालत या उच्च सांविधानिक पद पर आसीन शख्स ने देश को हिंदू राष्ट्र नहीं बताया। हमारे सुप्रीम कोर्ट ने तो यही माना कि हिंदुत्व के नाम पर अपील धर्म नहीं है और चुनाव में इसके नाम पर वोट मांगना एक भ्रष्ट आचरण है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आइए हम उन अनेक चीजों के बारे में सोचें जिनके लिए हमें प्रभु का शुक्राना करना चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# उपराज्यपाल के अधिकारों पर रार

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार पुरानी है। दोनों के बीच जब-तब नए विवाद उठ खड़े होते हैं। पिछले वर्ष दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी के चुनाव में 'एल्डरमैन' यानी विशेषज्ञ सदस्यों को नामित करने के मुद्दे पर खड़ा हुआ विवाद इसी की एक कड़ी था। उपराज्यपाल ने दस सदस्य नामित किए थे, जिन्हें लेकर आम आदमी पार्टी ने एतराज जताया कि ये सभी सदस्य भाजपा से संबद्ध हैं और एमसीडी के जोनों में मतदान कर चुनी हुई एमसीडी का गणित खराब कर सकते हैं। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा था। चुनौती दी गई कि उपराज्यपाल बिना दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल से सलाह लिए सदस्यों को नामित नहीं कर सकते। तब अदालत ने नामित सदस्यों को मतदान करने से रोक दिया था, पर यह आशंका जताई थी कि उपराज्यपाल द्वारा नामित सदस्य निर्वाचित एमसीडी को अस्थिर कर सकते हैं। तब लगा था कि फैसला दिल्ली सरकार के पक्ष में आएगा। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि उपराज्यपाल बिना मंत्रिमंडल की सलाह के, सदस्यों को नामित कर सकते हैं। यह मामला कार्यकारी फैसलों की प्रकृति का नहीं है।

पिछले एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ढाई सौ में से एक सौ चौंतीस सीटें जीती थी। भाजपा को एक सौ चार सीटों पर कामयाबी मिली थी। तब उपराज्यपाल ने दस सदस्यों को नामित कर उन्हें महापौर और उपमहापौर के चुनाव में मतदान करने की इजाजत दे दी थी। इस तरह गड़बड़ी करके भाजपा के अपना महापौर बनाने की कोशिश की आशंका जताई जाने लगी थी। ऐसा चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा पहले कर चुकी थी। फिर, नामित सदस्यों के मताधिकार और उपराज्यपाल द्वारा सदस्यों को नामित करने के अधिकार को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए थे। नियम के मुताबिक नामित सदस्य एमसीडी जोनों के चेयरमैन के चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। इससे कुछ जोनों में आम आदमी पार्टी का गणित गड़बड़ हो रहा था।



अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल के अधिकारों को चुनौती नहीं दे सकती। हालांकि चुनावी गणित और अधिकारों की जंग में यह सवाल अपनी जगह है कि आखिर सदस्यों को नामित करने की प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों का कितना ध्यान रखा जाता है। एमसीडी में दस सदस्यों को नामित करने का प्रावधान इस मकसद से किया गया था कि इस तरह कुछ विशेषज्ञों को निगम में रखा जा सकेगा, ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। मगर जिस तरह पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को उपकृत करने की मंशा से नामित किया जाने लगा है, उससे वह तकाजा पूरा नहीं हो पाता।

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच अधिकारों की तकरार में दिल्ली के विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित हुई है। हर मामूली बात पर दोनों के बीच जंग छिड़ जाती है और मामला अदालत में पहुंच जाता है। कई बार उपराज्यपाल दिल्ली मंत्रिमंडल के फैसलों या मंत्रियों की सिफारिशों को रद्द कर या टाल देते हैं। इस तरह बहुत सारे काम रुक जाते हैं। जबसे केंद्र सरकार ने दिल्ली की निर्वाचित सरकार के बजाय उप राज्यपाल के अधिकारों को ऊपर रखने का कानून बना दिया है, तबसे यह स्पष्ट हो चुका है कि केंद्र सरकार खुद दिल्ली के सरकारी कामकाज में हस्तक्षेप करती है। अब आम लोग इस तनातनी से ऊब चुके हैं और उन्हें बुनियादी समस्याओं के निपटारे की आस है।

# पर्यावरण संरक्षण की पीढ़ियों पुरानी परंपरा

## जरा हट के

राजस्थान अपनी खास परम्पराओं और रीति रिवाज के लिए जाना जाता है. बात रहन सहन की हो या पूजा-पाठ की. सबकी यहां अलग परंपरा है. फिर बात चाहें पर्यावरण संरक्षण की हो या जीव संरक्षण की. हर चीज में सबसे पहले राजस्थान का नाम आता है. आजकल वृक्षारोपण और पौधारोपण का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है हर व्यक्ति हरियाली के महत्व को समझते हुए बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण कर रहा है. लेकिन राजस्थान में तो ये परंपरा का हिस्सा है.

भीलवाड़ा में हर व्यक्ति के जहन और दिमाग में पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण की बात बैठी हुई है. यहां पर्यावरण संरक्षण बड़े खास और परम्परागत रूप से किया जाता है. भीलवाड़ा के गांवों में पारंपरिक तरीके से पेड़ पौधों की पूजा अर्चना कर उन्हें पगड़ी ( सिर का साफा ) पहनायी जाती है. यानि पेड़ों की रक्षा का संदेश दिया जाता है. यह परंपरा एक या दो नहीं बल्कि कई गांव में पीढ़ियों से निभाई जा रही है.



भीलवाड़ा के महुआ, मानपुरा अमृतिया, बरूनदनी, बीलेठा, गोगाखेड़ा, आसींद करेड़ा रायपुर, सहाडा गांव में पेड़ पौधों की पूजा कर उन्हें साफ़ा पहनाया गया. इससे जिले में हजारों एकड़ की चारागाह सुरक्षित हो रही है. पेड़ पौधे घास से पर्यावरण समृद्ध हो रहा है.

इस परंपरा में सबसे पहले पूरा गांव एक मंदिर या फिर देवस्थान पर जमा होता है. बड़े ठाट बाट से ढोल नगाड़े के साथ भगवान की पूजा अर्चना की जाती है. फिर देवस्थान से पगड़ी लेकर पगड़ी का एक सिरा मंदिर जबकि दूसरा सिरा पूजा वाले स्थान पर पहुंचाया जाता है. इस परंपरा में पूरा गांव शामिल होता है जो पगड़ी को हाथ लगाकर अपनी सहभाग्यता अर्पित करता है. पूजा अर्चना करने के बाद पेड़ पौधे को पगड़ी पहनाई जाती है और हरियाली और खेत खलियान समृद्ध होने की कामना की जाती है.

# मानसून में गीले जूतों को सुखाने के लिये अपनाइए ये तरीके....

मानसून के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी गीले जूते की होती है. स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर टू व्हीलर, बस, कार या कैब से ऑफिस जाने वाला कोई भी हो, जो भी घर से जूते पहनकर बाहर निकलता है उसके जूते गीले हो ही जाते हैं. आप सारा दिन ऑफिस में गीले जूते पहनकर न बैठें इसके लिए हम आपको कुछ स्मार्ट टिप्स बताने जा रहे हैं जो 5 मिनट में आपके गीले जूतों को सुखा देंगे. मानसून के मौसम में गीले जूतों की वजह से कई तरह की बीमारियां भी हो सकती हैं तो आप मानसून के ये स्मार्ट टिप्स और ट्रिक्स जान लें, जिससे आपके जूते जल्दी सूख जायें.



### 5 मिनट में जूता सुखाने का स्मार्ट टिप्स

सारा दिन अगर गीले जूतों पर आपका पैर रह जाए तो इससे न सिर्फ आपके पैरों को नुकसान होता है बल्कि कई और बीमारियां भी आपको लग सकती हैं. ऐसे में खासकर मानसून के मौसम में आप कैसे आसानी से अपने जूते कुछ ही मिनटों में सुखा सकते हैं ये भी जान लीजिए. ऑफिस जाते समय एक प्लास्टिक में 4-5 न्यूज़पेपर लेकर जाएं. ऑफिस जाते ही आप अपने डेस्ट पर बैठ जाएं. अब आराम से अपने जूते उतारकर सबसे पहले अपने पांव हैंड टॉवल से पौंछे. अब वेट टीशू से पैरों को अच्छे से क्लीन करें और जब सूख जाएं तो उस पर क्रीम लगा लें. इतनी देर में जूते का पानी नीचे की ओर जमा हो जाएगा. अब एक न्यूज़ पेपर को उता फाड़कर जूते में डालें. जितना जूते में जा सके. पहली 2-3 बार में जूते में न्यूज़ पेपर डालते ही गीला हो जाएगा इसे तब तक बदलते रहे जब तक सूखा न्यूज़ पेपर ना दिखने लगे.

सूखे न्यूज़ पेपर को अब 2 मिनट जूते में ही रहने दें ताकि ये अच्छे से जूते का पानी सोख लें. अब आप ऑफिस के ड्रायर के नीचे जूते को 1 मिनट रखें. आपका जूता बिल्कुल फ्रेश जैसा सूख जाएगा. अगर फिर भी जूता गीला रहे तो आप इस ऑफिस के एसी में ऐसे ही रहने दें. थोड़ी देर में ये इतना सूख जाएगा कि आपको लगेगा ये धूप में सूखा है या ये कभी गीला हुआ ही नहीं.

अगर आपको और भी जल्दी है तो आप ड्रायर से जूता सुखाने के बाद फिर से इसमें 1 मिनट न्यूज़ पेपर का कागज़ डालकर छोड़ दें. जूते में जो थोड़ी बहुत नमी रह भी गयी होगी वो भी निकल जाएगी. तो इस मानसून आप गीले जूते से परेशान न हों बल्कि अपने जूतों को सुखाने का ये स्मार्ट टिप फॉलो जरूर करें.

# दूध में नहीं जमती मोटी मलाई तो अपनाएं ये टिप्स



### फुल क्रीम दूध

अगर आप चाहते हो कि दूध में से मोटी मलाई निकले तो टोन्ड मिल्क या गाय के दूध की जगह फुल क्रीम मिल्क का उपयोग करें।

### ऐसा हो दूध उबालने का तरीका-

कुछ लोग दूध फ्रिज से सीधा निकालकर उबाल देते हैं। ऐसा करने पर दूध में मोटी मलाई नहीं जमती है। हमेशा दूध को उबालने से पहले उसे कुछ देर बाहर निकालकर सामान्य तापमान में आने दें। उसके बाद ही दूध को उबालें। इसके अलावा दूध में उबाल आते ही तुरंत गैस बंद ना कर दें। उबलते दूध को कुछ देर धीमी आंच पर उबाल ले।

### गर्म दूध को प्लेट से ना ढकें-

हमेशा उबले हुए दूध को जालीदार प्लेट से ढकें। अगर आप उसे स्टील की किसी प्लेट से ढक देते हैं तो ऐसा करने से दूध पर मोटी मलाई नहीं जम पाती। दूध को ढकने के लिए हमेशा ऐसे बर्तन का उपयोग करें, जिससे दूध में बनने वाली भाप आसानी से बाहर निकल सके।

### उबालते समय चम्मच से हिलाते रहें

दूध जब उबलने लगे तो गैस का आंच कम करके उसे किसी चम्मच की मदद से लगातार 5 मिनट तक हिलाते रहें। ऐसा करने से आप देखेंगे कि धीरे-धीरे दूध से उठने वाले बुलबुले कम होने लगे हैं। ऐसा होने पर गैस बंद करके दूध को रूम टेम्परेचर पर आने के बाद फ्रिज में रख दें।

# सूजी के अप्पे

खाना-खजाना

### सामग्री :

- 1 कप सूजी
- 1 कप दही
- 1/2 कप पानी
- 1 छोटा प्याज ( ये वैकल्पिक है)
- 1 गाजर
- 1 हरी मिर्च
- 1/4 कप धनिया पत्ती
- नमक स्वादानुसार
- 1/2 राई
- 8-10 कड़ी पत्ते
- 2 चम्मच तेल (तड़के के लिए)
- तेल (अप्पे पैन में लगाने के लिए)
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा

### विधि :

अप्पे बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसका बैटर तैयार करना है। इसके लिए एक कटोरे में सूजी लेकर उसमें बराबर मात्रा में दही डालें। अब अगर ये गाढ़ा लगे तो इसमें थोड़ा सा पानी मिलाकर बैटर तैयार करें। अब इसे तकरीबन आधे घंटे के लिए भिगो कर रखें।

जब सूजी फूल जाए तो इसमें कटी हुई सभी सब्जियां मिक्स करें। इसके बाद स्वाद के अनुसार नमक डालकर इसे तैयार करें।



अब आपको बैटर का तड़का तैयार करना है। इसके लिए एक छोटे पैन में 2 चम्मच तेल गर्म करें। उसमें राई डालें। जब राई चटकने लगे तो उसमें कड़ी पत्ते डालें। इसे कुछ सेकंड तक भूनने के बाद तड़के को बैटर में मिलाएं और अच्छी तरह मिक्स करें। अंत में इसमें बेकिंग सोडा डालें और हल्के हाथों से मिलाएं।

अब पैन को गर्म करके उसमें ब्रश की मदद से तेल लगाएं। तेल लगाने बाद पैन के हर खांचे में बैटर को चम्मच की मदद से भरें। आखिर में पैन को ढककर मध्यम आंच पर पकाएं। जब ये सुनहरा होकर पक जाए तो इसे निकालकर नारियल की चटनी या अपनी पसंदीदा चटनी के साथ परोसें।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला :** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भय व चिंता रहेंगे।

**मकर :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका धन मिलेगा। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# 3 तरह के टेस्ट में पास हो गए तो समझ जाइए हेल्दी हैं आप



### खुद का कंफ्यूजन भी दूर होगा

खुद को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज सबसे बेहतर टूल है. जब लोग एक्सरसाइज करते हैं तो उनका वजन कितना कम हुआ, अक्सर इसी को फिटनेस का आधार बनाते हैं. उन्हें लगता है कि वजन कम होने के बाद वह काफी फिट हो गए हैं. यदि आप भी ऐसा सोचते हैं तो आप गलत हैं. क्योंकि आपके फिटनेस की परीक्षा इस बात से नहीं होती है कि आप कितने कम वजन के हैं और आपकी बॉडी कितनी सुडौल है बल्कि इस बात से होती है कि आपके शरीर के अंदरुनी अंग कितने तंदुरुस्त है. आपका हार्ट, आपके लंग्स, आपका लिवर, आपकी किडनी आदि कितने मजबूत है.

## ऐसे करें परीक्षा

### 1. हार्ट हेल्थ से जानें सेहत का राज

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अपनी फिटनेस की परीक्षा का सबसे पहला मानक हार्ट है. इससे यह पता चलता है कि आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन सही से पहुंच रहा है नहीं. इससे आपके हार्ट और लंग्स की परीक्षा हो जाती है. इसकी सबसे आसान परीक्षा यह है कि आपका हार्ट रेट क्या है. बाजार में कई तरह के स्मार्टवॉच मिलते हैं जो आपको हार्ट रेट बता देगी. हालांकि इस पर हर कोई भरोसा नहीं करता. इसलिए आप इसे खुद हीं जांच सकते हैं. बस 15 सेकेंड तक अपनी कलाई पर नाड़ी की धड़कनों को महसूस कीजिए और इसे 4 से गुना कर दीजिए. यानी अगर आपकी नाड़ी 15 सेकेंड 15 बार धड़क रही है तो इसका मतलब है कि एक मिनट में आपका हार्ट रेट 60 है. आराम की मुद्रा में यह 60 से 80 के बीच होना चाहिए. रेस्टिंग स्टेज में आपका हार्ट रेट जितना कम रहेगा आप उतना ही हेल्दी रहेंगे. अग कम बीट्स से आपका हार्ट धड़कता है तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट बहुत अच्छा से काम कर रहा है और समान रूप से ऑक्सीजन को पूरे शरीर में भेज रहा है. सही हार्ट चलने का मतलब है कि आपके लंग्स भी सही से काम कर रहे हैं और ब्लड वैसल्स भी स्मूथ है. यानी हार्ट और हार्ट से संबंधित बीमारियों का खतरा कम है.

### 2. प्लांक टेस्ट-

प्लांक एक एक्सरसाइज है. लेकिन इसके लिए आपको जिम जाने की जरूरत नहीं है. प्लांक एक्सरसाइज से पता चलेगा कि आपकी बॉडी कितनी मजबूत और कितने फ्लेक्सिबल है. इससे आपकी असली ताकत की परीक्षा होगी. प्लांक एक्सरसाइज में आपको अपने दोनों पैरों और दोनों हाथों की हनियों के बल पूरे शरीर को उठाना होगा. जमीन पर सिर्फ आपके पैरों की उगलियां और हाथों की कोहनियां ही सटी होनी चाहिए. इस एक्सरसाइज को आप जितनी देर तक कर सकेंगे आप उतने ही फिट साबित होंगे. इससे आपकी आंतों में आपकी पिंडलियों में, आपके पैरों में, आपके शोल्डर में कितनी ताकत है, इसका पता चलेगा. इससे हार्ट की क्षमता का भी पता चलता है.

### 3. दैनिक जीवन की गतिविधियां-

हार्ट और बॉडी की परीक्षा के बाद आप अपने दैनिक जीवन को किस तरह से जीते हैं या दैनिक जीवन की गतिविधियां में कितनी तत्परता है, इससे आपके ऑवरऑल फिटनेस का पता चलेगा. अगर आप दो-तीन फ्लोर बिना लिफ्ट की सहायता से चढ़ लेते हैं तो आप ज्यादा फिट है. यदि आपको अपने काम करने में आलस्य नहीं होता है तो आप फिट है. आपकी दैनिक दिनचर्या में यदि आप जल्दी-जल्दी काम कर लेते हैं, किसी की मदद नहीं लेते हैं तो आप फिट है. यानी हर काम में तत्परता से पता चलता है कि आप फिट है या नहीं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### दवा लेने पहुंची नाबालिग लड़की से कंपाउंडर ने किया रेप, गुस्साए घरवालों के साथ मारपीट

**मेरठ.** मेरठ के फलावदा कस्बे में झोलाछाप डाक्टर के क्लीनिक पर दवा लेने पहुंची किशोरी के साथ कंपाउंडर ने दुष्कर्म कर दिया। बेटी को ढूंढने निकले परिजन क्लीनिक पहुंचे तो बेटी को बदहवास देख उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने आरोपी कंपाउंड को पकड़कर धुन दिया। इस दौरान आरोपी मौका पाकर वहां से भाग निकला। पुलिस के अनुसार, कस्बा क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी रविवार शाम क्षेत्र में ही एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर दवा लेने निकली थी। डॉक्टर क्लीनिक पर नहीं था। कंपाउंडर ने किशोरी को बैठा लिया और मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। काफी देर बाद भी जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे ढूंढते हुए क्लीनिक आ गए। यहां बेटी को बदहवास देख उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। पूछने पर बेटी ने बताया कि उसके साथ कंपाउंडर ने जबरन गलत काम किया है। इस पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।

### भारत और नेपाल की सीमा पर मूर्तियों के साथ पकड़ा गया युवक, कस्टम ने शुरू की जांच

**ठूठीबारी.** भारत और नेपाल की सीमा पर ठूठीबारी में तैनात एसएसबी की टीम को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्षेत्र के राजाबारी गांव के नो मेंस लैंड के पास पेट्रोलिंग के दौरान एसएसबी की टीम ने एक बाइक सवार के कब्जे से शिव परिवार, लड्डु गोपाल, राधा-कृष्ण की तमाम छोटी-छोटी मूर्तियां बरामद की हैं। ये मूर्तियां पीली धातु की बनी हैं और इनका वजन 62.50 किलोग्राम बताया जा रहा है। एसएसबी टीम ने इन मूर्तियों व बाइक सहित पकड़े गए युवक को ठूठीबारी कस्टम के हवाले कर दिया है। एसएसबी की टीम सीमा पर पेट्रोलिंग कर रही थी कि महराजगंज के नंबर की एचएफ डीलक्स बाइक से एक युवक नेपाल की ओर जाता दिखा। एसएसबी जवानों ने बाइक सवार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से शिव परिवार, लड्डु गोपाल, राधा-कृष्णा की पीली धातु का छोटी-छोटी मूर्तियां बरामद हुई है।

### छात्राओं पर जुल्म बरपाने वाली वार्डन बर्खास्त

**गोरखपुर.** गोरखपुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं की पिटाई करने की आरोपी वार्डन अर्चना पाण्डेय की संविदा सोमवार को समाप्त कर दी गई। तीन दिन पहले वार्डन द्वारा छात्राओं की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीएसए ने संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट में वार्डन को दोषी पाया गया है। छात्राओं ने रोस्टर के अनुसार भोजन न मिलने, जरूरत की वस्तुओं को देने से मना करने, अपशब्दों का प्रयोग करने, कैमरा बंद करके शौचालय सहित पूरे स्कूल की सफाई कराने की शिकायत की थी। जिसके बाद वार्डन ने उन्हें डंडे से पीटा था। शनिवार को इस घटना की जानकारी मिलने के बाद बीएसए ने वार्डन से छह बिंदुओं पर जवाब मांगा था।

### वाराणसी में इमारत ढहने से महिला की मौत

काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित एक इमारत ढह गई। जिसमें दबने से एक महिला की मृत्यु हो गई। वाराणसी के CMO संदीप चौधरी ने कबीर चौरा अस्पताल में हादसे में हुए घायल लोगों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भी कमिश्नर से फोन पर बात कर घायलों का हाल जाना है। उन्होंने सभी नौ घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने का आदेश दिया है।

### छठ-दिवाली के लिए चलेगी पूजा स्पेशल

दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर ट्रेनों में लंबी बुकिंग अभी से शुरू हो गई है। लंबी वेटिंग के बीच मुसाफिरों को घर पहुंचाने के लिए रेलवे प्रशासन अब पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। सोमवार को इसका ऐलान कर दिया गया। एक अक्तूबर से 26 नवंबर के बीच हर मंगलवार को सुबह आठ बजे सियालदाह से ट्रेन नंबर 03109 चलेगी।

# बांग्लादेश में संसद भंग

- पूर्व PM खालिदा जिया रिहा
- जयशंकर बोले- हसीना सदमे में, ठीक होने का समय दे रहे;
- बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हुए



**नई दिल्ली.** बांग्लादेश में हिंसा के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने संसद को भंग कर दिया है। साथ ही देश की पूर्व PM खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया है। मंगलवार को बांग्लादेश में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने 3 बजे तक संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अंतरिम सरकार के लिए नामों का प्रस्ताव देंगे।

दूसरी तरफ भारत सरकार ने मंगलवार सुबह 10 बजे सर्वदलीय बैठक की। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, ₹शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी।

विदेश मंत्री ने कहा, ₹वहां हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यह चिंता की बात है।₹ इसके बाद राज्यसभा को संबोधित करते हुए जयशंकर ने बताया कि सोमवार को हसीना ने बेहद कम समय के अंदर भारत आने की अपील की थी। वे सोमवार शाम को दिल्ली पहुंचीं थीं।

दरअसल, हसीना के खिलाफ 2 महीने से जारी प्रदर्शन में सोमवार को जमकर हिंसा हुई थी। इसके बाद PM हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया। वह ढाका से अगरतला के रास्ते भारत पहुंची थीं। हिंडन एयरबेस पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने उनसे करीब एक घंटे बातचीत की। हसीना लंदन या फिनलैंड जा सकती हैं।

### सुरक्षित ठिकाने की तलाश में शेख हसीना

बांग्लादेश से भागकर भारत में शरण लेने वाली पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना हिंडन एयरबेस से निकल चुकी हैं। उन्होंने किसी सुरक्षित ठिकाने का रुख किया है। हालांकि वह कहां गई हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक अभी शेख हसीना के लंदन जाने संबंधी योजना अनिश्चित है। इस बीच उनकी टीम अन्य देशों में भी शरण लेने के विकल्प तलाश रही है। 76 वर्षीय शेख हसीना सोमवार दोपहर बांग्लादेश एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट पर सवार होकर दिल्ली पहुंची थीं। हसीना के यहां पहुंचने के तत्काल बाद ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उनसे मिलने पहुंचे थे। बांग्लादेश या शेख हसीना के भविष्य को लेकर भारत सरकार ने अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचा दिया गया है। हालांकि उसने सुरक्षा कारणों से ज्यादा जानकारी देने से मना कर दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि हसीना अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं। इसके बाद वह अपने रिश्तेदारों के पास लंदन चली जाएंगी। हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी हैं। शेख रेहाना की बेटी ट्यूलिप सिद्दिकी लंदन में लेबर पार्टी की नेता हैं। हाल ही में उन्होंने फिर से चुनाव जीता है और ट्रेजरी व सिटी मिनिस्टर की इकॉनमिक सेक्रेट्री नियुक्त की गई हैं।

### बांग्लादेश में अभी भी 19 हजार भारतीय

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद दंगों की भयावह तस्वीर ने दुनिया को चिंतित कर दिया है। खासकर, भारत बांग्लादेश में हो रहे हर घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर निरंतर नजर रखे हुए है और जब तक वहां कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती भारत की गहरी चिंता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 19 हजार भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिनमें अधिकतर छात्र हैं। हम उनसे लगातार संपर्क में हैं।

--

## बांग्लादेश में तख्तापलट से खुश पाकिस्तानी मीडिया

# बताने लगा 'असली आजादी'




**ढाका.** बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ बताया जा रहा है। पाकिस्तान में पलने वाले कट्टरपंथी संगठनों ने हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को हवा देने का पूरा काम किया। वहीं अब बांग्लादेश में तख्तालपट के बाद पाकिस्तानी मीडिया भी खुश नजर आ रहा है और इसे असली आजादी बता रहा है। बता दें कि बांग्लादेश में आर्मी चीफ जनरल वकाल-उज-जमान ने अंतरिम सरकार बनाई है और नोबल विजेता यूनुस को अंतरिम सरकार का मुखिया बनाया है।

शेख हसीना के इस्तीफे के बाद भी हिंसा नहीं रुकी है। पाकिस्तानी मीडिया की बात करें तो डॉन न्यूज ने अपने संपादकीय में इसे 'हसीना का पतन' बताया है। इस संपादकीय में कहा गया कि अगर सेना ने मौके पर दखल ना दिया होता तो स्थिति और खराब हो जाती। इस संपादकीय में कहा गया है कि विपक्ष को पिछले 15 सालों में दबाया गया और यह तख्तापलट उसी दबे हुए आक्रोश का नतीजा है।

पाकिस्तान में 'ट्रिब्यून' अखबार के फ्रंट पेज पर इसे बांग्लादेश की जनता की जीत बताया गया है। जियो टीवी नेटवर्क ने लीड स्टोरी में कहा, 'खूनी प्रदर्शन के बाद पीएम शेख हसीना ने छोड़ा पद, बांग्लादेश से भाग निकलीं।' शेख हसीना की तस्वीर लगाई गई है जिसमें वह दुखी दिखाई दे रही हैं। पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर इसे भारत के लिए झटका बताया जा रहा है। एक टीवी चैनल पर अमेरिका में पाकिस्तान की राजदूत रह चुकीं मादिहा लोधी ने कहा कि हसीना भारत की ओर और पाकिस्तान के खिलाफ थीं। जनता ने उन्हें ताकत दिखा दी। द ट्रिब्यून अखबार ने बांग्लादेश की सत्ता संभालने वाले सेना प्रमुख जनरल वकार का गुणगान किया है।

# एयरबेस के सेफ हाउस में शेख हसीना

- बेटी भी कर सकती है मुलाकात
- यूपी पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे
- VVIP गाड़ियों का मूवमेंट बढ़ा



**नई दिल्ली.** हिंसा के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आईं पूर्व PM शेख हसीना अभी गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में हैं। उन्हें और उनकी बहन रेहाना को छोड़कर बांग्लादेश का मिलिट्री प्लेन मंगलवार सुबह 9 बजे लौट गया। प्लेन में मिलिट्री के 7 जवान मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, हसीना की बेटी दोपहर ढाई बजे उनसे मिलने एयरबेस पहुंच सकती हैं। वह अभी दिल्ली में हैं।

इधर, यूपी पुलिस के अधिकारी हिंडन एयरबेस पहुंचे हैं। 2 VVIP गाड़ियां भी अंदर गई हैं। काले रंग की कई गाड़ियां भी सुबह एयरबेस के मुख्य गेट से अंदर की तरफ जाती देखी गईं। चर्चा है कि ये गाड़ियां बांग्लादेश दूतावास की हैं।

### NSA ने की मुलाकात, PM को देंगे अपडेट

हिंडन एयरबेस पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शेख हसीना से करीब एक घंटे तक बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक, डोभाल अब PM मोदी को मुलाकात के बारे अपडेट दे सकते हैं। भारतीय वायुसेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हसीना को एयरबेस पर सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। उनकी सुरक्षा में गरूड़ कमांडो लगे हैं। उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा सकता है।

# आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती

- डेढ़ महीने में तीसरी बार तबीयत बिगड़ी;
- न्यूरोलॉजिस्ट की निगरानी में इलाज हो रहा



**नई दिल्ली.** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत मंगलवार को एक बार फिर खराब हो गई। उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ विनीत सूरी की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

इससे पहले 26 जून को AIIMS दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे।

लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# 'दलित आरक्षण को बचाएं'

- ए राजा ने लोकसभा में लगाई गुहार

**नई दिल्ली.** लोकसभा में डीएमके सांसद ए राजा ने मंगलवार को सरकार से दलित आरक्षण को बचाने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा है कि वह दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाएं। ए राजा ने हाल ही में आए सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी की आलोचना की है जिसमें कोर्ट ने कहा है कि आरक्षण का लाभ सिर्फ पहली पीढ़ी तक ही सीमित होना चाहिए। इस फैसले पर असहमति जताते हुए ए राजा ने लोकसभा में एक सत्र के दौरान कहा, "दलित लोगों में आशंका है कि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से उनके अधिकार छीन जायेंगे। उन्होंने आगे हरियाणा की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा, "हरियाणा में एक आईपीएस अधिकारी को भी अपनी शादी में घोड़े पर बैठने की अनुमति नहीं थी।"

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है कि राज्य सरकार एससी और एसटी कोटे में उपवर्गीकरण करने का अधिकार है। भारत के मुख्य न्यायधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड सहित 7 जजों की पीठ ने यह भी कहा कि एससी एसटी के कोटे में भी क्रीमी लेयर की पहचान कर उन्हें आरक्षण के दायरे से हटाने की जरूरत है। उपवर्गीकरण की इजाजत देकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लिए एससी/एसटी श्रेणियों के अंदर सबसे वंचित समूहों की पहचान करने और उन्हें लक्षित लाभ प्रदान करने का रास्ता खोल दिया है।

# फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कॉलेज में हिजाब पर प्रतिबंध का मामला

- CJI चंद्रचूड़ बोले- सुनवाई होगी



**नई दिल्ली.** कॉलेज में हिजाब प्रतिबंध का मामला एक बार फिर से चर्चा में है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसने बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय को बरकरार रखा गया है। मंगलवार को जब याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के समक्ष पेश किया गया, तो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने पहले ही इस मामले के लिए एक पीठ नियुक्त कर दी है और इसे आने वाले दिनों में जल्द ही सूचीबद्ध किया जाएगा।

बंबई उच्च न्यायालय ने 'चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी' के एन जी आचार्य एवं डी के मराठे महाविद्यालय द्वारा हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से 26 जून को इनकार कर दिया था और कहा था कि ऐसे नियम छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा था कि 'ड्रेस कोड' का उद्देश्य अनुशासन बनाए रखना है, जो कि शैक्षणिक संस्थान की ''स्थापना और प्रशासन'' के लिए कॉलेज के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपील को तत्काल सूचीबद्ध करने के अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए कहा कि इस मामले के लिए पहले ही एक पीठ तय कर दी गई है और इसे जल्द ही सूचीबद्ध किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील अबीहा जैदी ने मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि कॉलेज में 'यूनिट टेस्ट' संभवतः बुधवार से शुरू हो जाएंगे।

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास




- ओलंपिक में कारनामा करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने

सेना में नायक सूबेदार पदक पर काबिज साबले ने कई बार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया है. उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 09.94 सेकंड है जो उन्होंने पिछले महीने की शुरुआत में पेरिस डायमंड लीग हासिल किया था.

भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को यहां पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपनी हीट में पांचवें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले एथलीट बन गये हैं. राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने दूसरी हीट में आठ मिनट 15.43 समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया. तीन हीट के शीर्ष पांच-पांच स्थान पर रहने धावकों ने फाइनल का टिकट कटाया. साबले की हीट में मोरोक्को के मोहम्मद तिंडौफत ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 10.62 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया.

इस 29 साल के खिलाड़ी ने रेस की अच्छी शुरुआत की और पहले 1000 मीटर के बाद शीर्ष पर रहे. लेकिन इसके बाद कीनिया के अब्राहम किबिवोट ने बढ़त बना ली और साबले खिसककर चौथे स्थान पर फिसल गये. वह 2000 मीटर की दूरी को पांच मिनट 28.7 सेकेंड में पूरी करने के बाद तीसरे स्थान पर थे. वह इसके बाद पांचवें स्थान पर खिसक गये, लेकिन उन्होंने छठे स्थान पर काबिज अमेरिका के मैथ्यू विलकिनसन पर बड़ी बढ़त बनाने के कारण आखरी पलों में ज्यादा जोर नहीं लगाया. इस स्पर्धा का फाइनल भारतीय समयानुसार सात और आठ अगस्त की दरमियानी रात को होगाा.

# हीरा फर्म ने 50 हजार स्टाफ को दी 10 दिन की 'छुट्टी'



**सूरत.** गुजरात की एक हीरा फर्म किरण जेम्स ने सोमवार को अपने 50,000 कर्मचारियों को 10 दिन की छुट्टी देने का ऐलान किया है। यह छुट्टियां इसलिए की गई हैं, ताकि हीरों के प्रोडक्शन को नियंत्रित किया जा सके। दरअसल, वैश्विक मांग में गिरावट आने से देश में हीरा कारोबारियों का स्टॉक बढ़ गया है। किरण जेम्स 'दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक हीरा निर्माता' होने का दावा करता है और पॉलिश किए गए हीरों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है, उसने अपने कर्मचारियों के लिए 17-27 अगस्त तक छुट्टी की घोषणा की है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, हीरा निर्माताओं को अमेरिका द्वारा रूसी मूल के हीरों पर लगाए गए प्रतिबंधों और 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जी-7 देशों द्वारा उस पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किरण जेम्स के चेयरमैन वल्लभभाई लखानी ने बताया, ₹फिलहाल हीरा उद्योग मंदी के बुरे दौर से गुजर रहा है, क्योंकि दुनिया भर में पॉलिश किए गए हीरों की मांग नहीं है। हमने 10 दिन की छुट्टी का ऐलान किया है ताकि हीरों के उत्पादन को नियंत्रित किया जा सके। कंपनी के इतिहास में ऐसा फैसला पहली बार लिया गया है।₹

# नौकरी के बदले जमीन घोटाले में नई चार्जशीट, लालू और तेजस्वी के भी नाम



**नई दिल्ली.** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने पहली पूरक चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें आरोपी के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव का भी नाम शामिल है। तेजस्वी यादव बिहार के डिप्टी सीएम रह चुके हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के ऐंगल से ईडी इस मामले में जांच कर रही है। एजेंसी ने 100 पन्नों की जो चार्जशीट दाखिल की है, उसमें लालू और तेजस्वी के अलावा 8 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। विशेष सरकार वकील मनीष जैन और वकील ईशान बैसला ने बताया कि चार्जशीट के साथ 96 दस्तावेज भी दिए गए हैं।

चार्जशीट के आधार पर अब बहस शुरू होगी, जिसके लिए स्पेशल जज विशाल गोगने ने 13 अगस्त की तारीख तय की है। इससे पहले एजेंसी ने इसी साल जनवरी में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें राबड़ी देवी, मीसा भारती, लालू की एक अन्य बेटी हेमा यादव और अमित कात्याल के नाम शामिल थे। यही नहीं रेलवे के पूर्व कर्मचारी हृदयानंद चौधरी का नाम भी चार्जशीट में था। इस मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की थी, जिसके बाद ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के ऐंगल से केस अपने हाथ में लिया। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे थे। इस दौरान ग्रुप डी की नौकरियां देने के एवज में लोगों से जमीनें हथिया ली गईं। इस केस में लालू समेत परिवार के कई लोग आरोपी हैं। जिन लोगों से नौकरी के बदले जमीन ली गई, उनमें से ज्यादातर लोग गरीब परिवारों से हैं।

**महाराष्ट्र शासन**

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

ई मेल पत्ता :- thane2.ee@mahapwd.gov.in — दुरध्वनी/फॅक्स क्रमांक :- 022-25361393

**ई निविदा सुचना क्रमांक 19 सन 2024-25**

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे जिल्हा ठाणे महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडे योग्य त्या वर्गातील पात्र व सक्षम कंत्राटदाराकडून खालील कामांकरिता ब-1 नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्याकरिता उपलब्ध आहेत. (वरीलपैकी काही अथवा सर्व निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र. 2, ठाणे यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.)

**कामाचे नांव :** -
1) शहापुर तालुक्यातील लाहे जोडरस्ता ग्रामा-130 सुधारणा करणे. (5054 मार्ग व पुल 04), **अंदाजित किंमत** :- रु. 1,63,43,202/-
2) शहापुर तालुक्यातील चेरपोली राहुलनगर रस्ता ग्रामा-2023 कॉंक्रिटीकरण करणे. (5054 मार्ग व पुल 04), **अंदाजित किंमत** रु. 1,65,30,061/-
3) शहापुर तालुक्यातील धसई सारंगपुरी कोठारे साकडबाव डोळखांब रस्ता प्रजिमा-58 मध्ये कि.मी. 1/200 ते 7/00 मध्ये रुंदीकरणसह डांबरीकरण करणे. (5054 मार्ग व पुल 04), **अंदाजित किंमत** :- रु. 3,72,74,028/-

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :- दि. 09/08/2024 ते दि. 16/08/2024
ई-निविदा उघडणे :- दि. 19/08/2024
निविदा पूर्वक बैठक (अ.क्र. 1 ते 2) :- अधीक्षक अभियंता, ठाणे (सा.बां.) मंडळ, ठाणे यांचे कार्यालयात दि. 13/08/2024 रोजी दुपारी 12.30 वाजता. (शक्य झाल्यास)
निविदा पूर्वक बैठक (अ.क्र. 3) :- मुख्य अभियंता, सा.बां. प्रादेशिक विभाग, कोंकण यांचे कार्यालयात दि. 13/08/2024 रोजी दुपारी 12.30 वाजता. (शक्य झाल्यास)

**खालील संकेतस्थळांवर ई-निविदांची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.**
1) http://mahapwd.com
2) http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदेसुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील संकेतस्थळांवर कळविण्यात येईल.)
3) कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे कार्यालयातील सूचना फलक
4) ई निविदा पोर्टलवर बीड लॉक झाल्यानंतर निविदांबाबत निविदेमध्ये नमुद कागदपत्रांच्या हार्ड कॉपी 1 (एक) प्रतीत कंत्राटदारांनी निविदा सुचनेनुसार नमुद वेळेपूर्वी सादर करणे अनिवार्य राहिल.

जा.क्र.साबांविक्र.2/ठाणे/ई-निविदा/2024-25/7473
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे,
सा.बां. आवार, स्टेशन रोड, ठाणे-400 601,
दिनांक :- 02/08/2024

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे

## संक्षेप...

### 9 लाख कीमत का 23 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने गांजा बिक्री के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 9 लाख 45 हजार रुपए कीमत का 23 किलो 625 गांजा जब्त किया गया है. इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वाजिद अब्दुल लतीफ खान और निहाल गगाट के रूप में हुई है। एंटी-नारकोटिक्स सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नीरज चौधरी को सूचना मिली कि शिव पनवेल राजमार्ग पर सानपाड़ा स्टेशन के पास एनएमएमटी बस स्टेशन पर दो युवक गांजा बेच रहे हैं। इस सूचना के आधार पर जाल बिछाया गया और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया.

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 5 विधायकों का काटेगी टिकट

- विधान परिषद चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी
- सीट बंटवारे पर कल MVA की मीटिंग

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधान परिषद (MLC) के चुनाव में क्रांस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के 5 विधायकों का विधानसभा चुनाव में टिकट काटेगा। सूत्रों के अनुसार इनके बदले पार्टी नए चेहरों को मौका देगी। हालांकि कांग्रेस की ओर से इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।



**विप चुनाव में NDA ने 11 में से 9 सीटें जीती थी**

- 12 जुलाई को हुए महाराष्ट्र में विधान परिषद (**MLC**) के चुनाव में **NDA** गठबंधन ने 11 में से 9 सीटें जीती। वहीं **INDIA** गठबंधन के तीन प्रत्याशी खड़े थे, जिनमें 2 ही जीत सके। चुनाव में कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर सामने आई थी।
- विधान परिषद चुनाव में जीत के लिए एक कैंडिडेट को 23 विधायकों के वोट चाहिए थे। इनमें भाजपा के 103, शिवसेना (शिंदे गुट) के 38, **NCP** (अजित गुट) के 42, कांग्रेस के 37, शिवसेना (**UBT**) के 15 और **NCP** (शरद पवार) के 10 विधायक हैं।

सूत्रों के अनुसार टिकट कटने वाले विधायकों में सुलभा खोडके, झिशान सिद्दीकी, हिरामन खोसकर, जितेश अंतापूरकर, मोहन हंबर्डे शामिल हैं। महाराष्ट्र में विधान परिषद (MLC) के चुनाव में कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर सामने आई थी।

यह खबर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (MVA) की बैठक से एक दिन पहले आई है। 7 अगस्त को सीट शेयरिंग का फॉर्मूला और अन्य पहलुओं पर MVA की बैठक होनी है।

अक्टूबर महीने में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में विधानसभा की 288 सीटें हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना (UBT), कांग्रेस और एनसीपी (SP) महाविकास अघाड़ी (MVA) गठबंधन में है।

# बारिश में बह गए सड़क व पेवर ब्लॉक





- वाहन चालकों की हो रही आफत

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा क्षेत्र में हर जगह की सड़कें बेशुमार गड्ढों से भरी हैं.मनपा द्वारा आनन फानन में सड़कों के गड्ढों में कई जगह मिट्टी और मसाला मिक्स खड़ी डालकर गड्ढे भरा जा रहा है.कुछ स्थानों पर गड्ढों परपेवर ब्लॉक्स लगाया गया है लेकिन लगातार बारिश शुरू होने की वजह से पेवर ब्लॉक भी उखड़ कर बह गये.लोगों का आरोप है कि, घटिया दरजे के पेवर ब्लॉक गलत तरीके से बिठाए थे.ब्लाक उखड़ने से गड्ढायुक्त सड़क में वाहन चालकों के लिए और भी मुसीबत बनती जा रही है. धामनकर नाका से कल्याण नाका इलाके तक की सड़क बदहाल होकर गड्ढों में तब्दील हो गई है.शहर की मुख्य सड़क पर लगे पेवर ब्लॉक उखड़ जाने से आए दिन गड्ढों में कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं. शहर की कुछ सड़कों की मरम्मत के लिए गड्ढों में खड़ी डाली गई वह भी बारिश में बह गई और पेवर ब्लाक भी टूट कर बह गए. नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि मनपा प्रशासन इस ओर कब ध्यान देगा ? लोगों का कहना है कि मनपा प्रशासन आम नागरिक और वाहन चालकों के जानमाल की सुरक्षा किए जाने में पूर्णतया असफल साबित हो चुका है.

# 2 सितंबर को लोकतंत्र दिवस का आयोजन

- 19 अगस्त तक आवेदन जमा करने का आह्वान

**ठाणे.** मनपा का अगला लोकतंत्र दिवस 2 सितंबर को होगा. इसलिए नागरिक लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पहले यानी 19 अगस्त को आवेदन पत्र मनपा मुख्यालय पर स्थित नागरी सुविधा केंद्र में दो प्रति जमा करें।आवेदन पत्र जमा करते समय फार्म 1 बी भी जमा करना आवश्यक है। महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्रक क्रमांक 1099/सीआर-23/98/18 अ 26 सितंबर 2012 के अनुसार दिसंबर 2012 के लोकतंत्र दिवस पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जा रहा है।यह आवेदन लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पहले दो प्रतियों में मनपा कार्यालय में जमा करना चाहिए यह आदेश जारी किया गया है।मनपा मुख्यालय पर लोकतंत्र दिवस पर जीस नागरिक ने अपना आवेदन जमा किया है।साथ ही आवेदन पत्र जमा करने के 1 महीने के भीतर यदि किसी भी प्रकार की कार्रवाई नही हुआ है तो उनके आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा।नागरिक मनपा मुख्यालय पर लोकतंत्र दिवस के लिए आवेदन पत्र जमा करते समय परिमंडल लोकतंत्र दिवस के लिए टोकन डालना आवश्यक है।साथ ही 1 आवेदन पत्र के साथ 1 ही शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# भिवंडी में हैवी वाहनों को नो एंट्री

## दोपहर 1 से शाम 5 एवं रात्रि 11 से सुबह 6 बजे तक लगी पाबंदी

**भिवंडी.** ठाणे वाहतुक विभाग द्वारा यातायात नियंत्रण की खातिर भिवंडी शहर में दोपहर एवम रात्रि में हैवी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है. हैवी वाहनों की प्रवेश बंदी से यातायात जाम पर कुछ अंकुश लगने के आसार दिखाई पड़ने लगा है.

ठाणे यातायात विभाग द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, नाकों पर भारी वाहनों के प्रवेश बंदी संबंधी बैनर लगाया गया है.यातायात विभाग भिवंडी द्वारा लगाए गए बैनर एवम सूचना के अनुसार,भिवंडी शहर में दोपहर 1 बजे से शाम 5।बजे तक एवम रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्णतया पाबंदी लगाई गई




है.यातायात निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी.

सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा,भाजपा विधायक महेश चौगुले, सपा विधायक रईस शेख, प्रदेश कांग्रेस महासचिव मु. तारिक फारूकी सहित तमाम राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा ट्रैफिक जाम से निजात के लिए हैवी वाहन प्रवेश बंदी का मुद्दा बारंबार उठाया जाता है.शहर में भारी वाहनों के प्रवेश बंदी का नागरिकों ने मुक्त कंठ से स्वागत किया है. लोगों का कहना है कि, शहर में खासकर दोपहर के दौरान शहर में भारी वाहनों की प्रवेश बंदी से नागरिकों को जाम से राहत मिलने की संभावना है. ट्रैफिक अधिकारियों को वाहन चालकों से सख्ती से नियमों का पालन कराया जाना चाहिए.

# गणेशोत्सव पर्व पर एसटी को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

- 2031 बसों की हुई बुकिंग

**ठाणे.** 7 सितंबर को भगवान गणेश का आवागमन हो रहा है बप्पा के स्वागत के लिए मुंबई, ठाणे व पालघर से गणेशोत्सव पर्व पर कोंकण की यात्रा के लिए यात्रियों की पहली पसंद एसटी बस है। जिसमें एसटी की 1301 बसों का सामूहिक आरक्षण हो गया है. कुल आरक्षण 2031 एसटी बसों का हुआ है. मुंबई से कोंकण गणेशोत्सव पर्व पर यात्रा करने के लिए जान पर आता है लेकिन इस बार गणेशोत्सव पर एसटी महामंडल ने 2 सितंबर से 7 सितंबर के बीच में 4300 अधिक बसों को छोड़ने का निर्णय लिया है। व्यक्तिगत आरक्षण के साथ- साथ सामूहिक आरक्षण के लिए अमृत वरिष्ठ नागरिकों के लिए 100 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिक व महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक टिकिट के दर में सहूलियत होगी. 2 सितंबर से मुंबई, ठाणे, पालघर के मुख्य बस स्टैंड से बसों को छोड़ा जायेगा. गणेश भक्तों को बस से प्रवास करना सुखमय हो इसके लिए अधिकारी व कर्मचारी दिन रात प्रयास में जुट गए हैं. साथ ही जगह जगह वाहन के दुरुस्ती के लिए व्यवस्था और यात्रियों के लिए प्रसाधन गृह की व्यवस्था उपलब्ध रहेंगी. यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अभिजीत भोसले ने दिया.

### गड्ढे के कारण 24 साल की लड़की की मौत

**पनवेल.** पलस्पे से जेएनपीटी तक दोपहिया वाहन चलाते समय एक 24 वर्षीय लड़की की जान चली गई। पलस्पे से जेएनपीटी मार्ग पर नंदगांव पुल पर युवती अपनी सहेली के साथ बाइक चला रही थी, तभी पुल पर गिरे एक बड़े पत्थर से बाइक का पहिया टकरा गया और दोनों बाइक से गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर के पहिये के नीचे दबकर 24 वर्षीया युवती की मौत हो गयी. मृतक लड़की का नाम मानसी रोकड़े है. मुंबई के म्हाडा कॉलोनी में रहने वाली मानसी अपने दोस्त आदेश लाड के साथ दोपहिया वाहन पर माथेरान से मुंबई अपने घर लौट रही थीं, तभी रविवार को यह हादसा हुआ। हालांकि पलास्पे से जेएनपीटी सड़क कंक्रीट से बनी है.

लेकिन इसमें जगह-जगह गड्ढे

# 125 मेधावी छात्रों को क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया गया सम्मान




**ठाणे.** हर साल की तरह इस साल भी 10 वीं 12 वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का क्षत्रिय समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से काशीनाथ घाणेकर हाल में सम्मानित किया गया।संस्था के संस्थापक एड.विनय कुमार सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से 125 छात्रों को मेडल ट्राफी, दिवाल घड़ी,स्कूल बैग,सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट आर्थिक रूप कमजोर और मेधावी छात्रों के लिए सदैव तत्पर रहेगा।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि अच्छे विद्यार्थियों के शिक्षा के लिए आर्थिक रूप से सहयोग करने के लिए समाज के सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप निदेशक सुधाकर सिंह , समाजसेवक व उद्योगपति वीरेश सिंह ,डॉ. बलवंत सिंह , जगदीश सिंह त्यागी,नरेंद्र सिंह,मनोज सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।अगले विधार्थी सम्मान में वीरेश सिंह और मनोज सिंह मेधावी छात्रों को लैपटाप और 25000 रुपए का सहयोग का वादा किया।इस कार्यक्रम का सूत्र संचालन महिला जिला अध्यक्ष मनीषा सिंह ने बड़ी खूबसूरती से किया। गायक अमर रघुवंशी ने महाराणा के गीत गाकर लोगो का मन मोह लिया।इस कार्यक्रम में मार्गदर्शक अभिराम सिंह ,महासचिव श्रवण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,सुनील सिंह, शैलेश सिंह,संजय सिंह, अरविंद सिंह,प्रदीप सिंह,रंजीत सिंह,महेश सिंह, रजनीश सिंह,सूरज सिंह,दीपक सिंह,सरिता सिंह,सुषमा सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

**कल्याण-शीलरोड पर कछुए की गति से हो रहा विकास कार्य**

# विधायक राजू पाटील ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण

- एमएसआरडीसी की कार्यप्रणाली पर जताई नाराज़गी

**कल्याण.** मंगलवार को कल्याण-शीलरोड पर चल रहे विकासकार्यों का निरीक्षण करने के बाद एमएनएस विधायक राजू पाटील ने एमएसआरडीसी की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उपस्थित कर अधिकारी और ठेकेदार की जमकर खबर ली। बतादें कि कल्याण-शीलरोड पर एक ओर जहां मेट्रो का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर पलावा में पूल का निर्माण कार्य कछवे की गति से हो रहा है। इसी तरह देसाई खाड़ी पर पूल का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का समय पर पूरा होना वाहनचालक तथा नागरिकों को



ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति दिला सकता है, लेकिन पूल निर्माण का काम धीमे गति से चल रहा है, जिससे यात्रियों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को विधायक राजू पाटील ने पलावा और देसाई खाड़ी पर निर्माणाधीन पूल का निरीक्षण किया। इस मौके पर एमएसआरडीसी के सहायक संचालक मनोज जिंदाल एवं संबंधित ठेकेदार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि देसाई पूल पर के निर्माण में एक तरफ महज चार मजदूर और दूसरी भी तरफ चार मजदूर काम पर लगे हुए थे। जबकि पलावा पूल का निर्माण कछवे की गति से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक राजू पाटील ने एमएसआरडीसी की कार्यपद्धति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पुलों के निर्माण में प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिससे नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही विधायक ने पलावा पूल के निर्माण में बाधा बने अवैध निर्माण को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा और कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस नाईक से मारपीट

- 5 युवकों पर आपराधिक मामला दाखिल
- 1 गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन की हद में शराबी वाहन चालक पर कार्यवाही करने पर 5 युवकों द्वारा मिलकर पुलिस नाईक संतोष गोड को गाली देते हुए मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है.शहर पुलिस ने पुलिस नाईक की शिकायत पर आपराधिक मामला दर्ज कर 1युवक को गिरफ्तार किया है और अन्य फरार युवकों की तलाश कर रही है.

मिली जानकारी के अनुसार, शहर पुलिस स्टेशन हद स्थित बाजार क्षेत्र में शराबी वाहन चालकों की चेकिंग पुलिस टीम कर रही थी.ड्यूटी पर तैनात पुलिस नाईक संतोष गोड ने जब एक कार चालक को रोक कर चेकिंग करनी चाहिए तो कार चालक भड़क गया.पुलिस द्वारा ब्रेथ एनलाइजर की जांच के बाद चालक ड्रिंक किया पाया गया.पुलिस टीम की कार्यवाही से चालक भड़क गया और अपने दोस्तों को बुलाया.मौके पर पहुंचे 4 युवकों ने पुलिस नाईक संतोष गोड पर पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया. पुलिस नाईक संतोष गोड ने घटना में लिप्त युवक प्रदीप कोकुल को दबोच लिया बाकी सभी युवक फरार हो गए. शहर पुलिस ने ड्यूटी के दौरान सरकारी कार्य में बाधा एवम मारपीट का आपराधिक मामला दर्ज कर फरार युवकों की तलाश कर रही है.


उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas


# प्रियंका ने पूरी की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग

- फोटो में इंटेंस एक्शन सीन शूट करती दिखीं
- रैप-अप पार्टी में जाते हुए शेयर किया वीडियो

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज में फिल्म की रैप अप पार्टी में जाते हुए एक वीडियो शेयर किया।

इ स वीडियो में वो मां म धु



चोपड़ा के साथ नजर आ रही हैं। प्रियंका कार में सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' के हिट गाने 'आजा शाम होने आई' पर लिप सिंक करती हुई नजर आ रही हैं। इससे पहले प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़े कई बिहाइंड द सीन फोटो और वीडियो शेयर किए थे।फोटो और वीडियो देखकर ये अंदाजा लगाया जा रहा था कि फिल्म में प्रियंका जबरदस्त एक्शन सींस करती हुई नजर आएंगी। इनमें प्रियंका नकली खून से लथपथ दिखाई दे रही थीं।

प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो भी शेयर की थी जिसमें उनके गले में गहरा कट नजर आ रहा था।





Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099